दैनिक जागरण 08/10/2024

शिविर में छाए जीएमएन कालेज के विद्यार्थी

शिविर में विजेता जीएमएन कालेज के विद्यार्थी। • सौजन्य विज्ञप्ति

जारगण संवाददाता • अंबाला : गांधी मेमोरियल नेशन (जीएमएन) कालेज अंबाला छावनी में कंप्यूटर एप्लीकेशन विभाग के विद्यार्थियों जय सिंह चौहान, पलविंदर सिंह, अंशु गोयल, श्रुति गुलाटी ने प्रो. योगिता बख्शी के दिशा निर्देशन में एमिटी यूनिवर्सिटी, जयपुर में आयोजित आईडीई बूटकैंप संस्करण - 2 के प्रथम चरण में बढ़ चढ़कर कर भाग लिया। बूट कैंप का संचालन एआइसीटीई सदस्य डा. गीता कौशिक द्वारा किया गया।

यह उद्यमशीलता कार्यक्रम केंद्र सरकार के सहयोग से आयोजित किया गया था। इसका उद्घाटन एआइसीटीई अध्यक्ष टीजी सीताराम ने किया। बूट कैंप में उद्यमिता, नवाचार, बिजनेस पिच और बिजनेस माडल आदि पर कई सत्र शामिल रहे। इससे न केवल छात्रों का बल्कि उनके गुरुओं का भी ज्ञान बढ़ा। बूटकैंप न केवल छात्रों के लिए था बल्कि स्टार्ट अप और नवीन विचारों के लिए भी डिजाइन किया गया था। शिविर के कार्यक्रम में भामाशाह इनक्यूबेशन सेंटर का दौरा भी शामिल था। शिविर के समापन अवसर पर विद्यार्थियों एवं मार्गदर्शक को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। संकाय और छात्र का परिवहन संस्थान द्वारा ही बाध्य था। छात्रों को उनके आगमन पर प्राचार्य डा. रोहित दत्त, डा. प्रभलीन कौर, डीन फैकल्टी और श्याम रहेजा, एचओडी द्वारा प्रोत्साहित किया गया।